जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0/आर0कैम्प(सा0प्र0)/5074/2021 दिनांकः 08 अक्टूबर, 2021

प्रेस–विज्ञप्ति

दिनांक 19 सितम्बर, 2021 को विश्वविद्यालय परिसर/सम्बद्ध महाविद्यालयों में परास्नातक/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों (एम0काम0, एम0एससी0(कृषि) बी0एस0सी0–कृषि) में प्रवेश हेतु आयोजित प्रवेश–परीक्षा 2021 का परीक्षाफल घोषित करने के उपरान्त प्रथम चरण की काउंसिलिंग दिनांकः 30 सितम्बर, 2021 से 02 अक्टूबर, 2021 तक सम्पन्न करायी गयी। प्रथम चरण की काउंसिलिंग के उपरान्त रिक्त सीटों पर द्वितीय चरण की काउंसिलिंग दिनांकः 09 अक्टूबर से 12 अक्टूबर, 2021 तक सम्पन्न होगी।

सम्बन्धित अभ्यर्थियों को यह भी सूचित करना है कि निम्न पाठ्यक्रमों मे निम्नानुसार द्वितीय चरण की काउंसिलिंग में भाग लिया जा सकेगाः–

1. महाविद्यालय/पाठ्यक्रम के विकल्प चयन हेतु, आनलाइन काउंसलिग/च्वायस फिलिंग का कार्य दिनांकः **09 अक्टूबर, 2021 से 12 अक्टूबर, 2021** तक पाठ्यक्रमवार निम्नांकित रैंक प्राप्त करने वाले छात्र करेंगेः–

क्र0	विषय/पाठ्यक्रम	Open Rank(प्रथम चरण हेतु)
1	एम0काम0	361 से अन्तिम रैंक तक के समस्त अभ्यर्थी
2	बी0एस0सी0–कृषि	शेष समस्त अभ्यर्थी
3	एम0एससी0–कृषि	शेष समस्त अभ्यर्थी

2. काउंसलिंग के उपरान्त अभ्यर्थियों को महाविद्यालय/पाठ्यक्रम का आनलाईन आबंटन दिनांकः 13 अक्टूबर, 2021 को कर दिया जायेगा तथा अभ्यर्थी आबंटन पत्र डाउनलोड करके आबंटित संस्था में **दिनांकः 13 अक्टूबर, 2021 से 18 अक्टूबर, 2021, समय प्रातः 10:30 बजे से सायं 03:30 बजे** तक प्रवेश हेतु निम्नांकित अभिलेखों के साथ उपस्थित होंगेः–

   क. पासपोर्ट साइज चार फोटोग्राफ।
   ख. समस्त शैक्षिक अभिलेखों की मूल प्रति के साथ एक सेट स्वप्रमाणित छायाप्रति।
   ग. संस्था का निर्धारित शिक्षण व अन्य शुल्क प्रवेश के समय संस्था में ही जमा करना अनिवार्य होगा।
   घ. प्रवजन (माइग्रेशन)/स्थानान्तरण प्रमाण पत्र की मूल प्रति।
   ड. आरक्षण/भारांक का लाभ लेने वाले अभ्यर्थी सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत मूल प्रमाण पत्र साथ लायेंगे।
   उक्त के अभाव में आरक्षण/भारांक का लाभ अनुमन्य नहीं होगा।

पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया, उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.in E-mail :- jncuballia@gmail.com

Scanned with CamScanner

3. बी0पी0एड0, एल0एल0बी0, बी0एल0एड0, बी0सी0ए0 एवं एम0एड0 पाठ्यक्रमों में आनलाईन आवेदन किये हुए समस्त अभ्यर्थी, जिनकी प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं की गयी है, वे भी **दिनांकः 09 अक्टूबर, 2021 से 12 अक्टूबर, 2021 तक** महाविद्यालयों के विकल्प चयन हेतु उपर्युक्त प्रक्रिया में भाग लेंगे। इनका सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्था में आबंटन भी उपर्युक्त क्रमांक 02 के अनुसार **दिनांकः 13 अक्टूबर, 2021** को कर दिया जायेंगा।

नोटः–
1. **काउंसलिंग प्रकिया में भाग लेने हेतु कोई भी शुल्क देय नहीं है।**
2. **काउंसलिंग/च्वायस फिलिंग प्रक्रिया में भाग लेने का तात्पर्य यह नहीं है कि अभ्यर्थी को सीट आबंटित हो ही जाय। सीटों का आबंटन रैंक/आरक्षण आदि के अनुसार ही आनलाइन होगा।**
3. **एम0एस0सी0 (कृषि) की प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थी यदि विश्वविद्यालय परिसर में संचालित एम0एस0सी0 (कृषि) उद्यान विज्ञान में प्रवेश लेना चाहें तो वे परिसर को विकल्प के रूप में चुन सकते हैं।**

(एस0एल0 पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ हेतु प्रेषितः–
1. माननीय कुलपति जी।
2. सम्पादक समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को जनहित में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
3. निदेशक शैक्षणिक।
4. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
5. जन सम्पर्क अधिकारी।
6. प्रभारी वेबसाइट।

उप कुलसचिव

Scanned with CamScanner